## महत्वपूर्ण एवं खास

### उर्दना सर्किट हाउस बाईपास सड़क निर्माण चढ़ रहा भ्रस्टाचार की भेंट, 14 करोड़ की स्वीकृति के बाद अब अधिकारी

**रायगढ़।** शहर का बहुप्रतीक्षित उर्दना सर्किट हाउस बाईपास रोड का निर्माण कई सालों के बाद और खासी जद्दोजहद के बाद सड़क निर्माण के लिए भारी-भरकम राशि की स्वीकृति मिली। उर्दना सर्किट हाउस बाईपास रोड के लिए 14 करोड़ के लगभग की राशि स्वीकृति मिली लेकिन यह सड़क शहर के दूसरे बने सड़कों की भांति ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता हुआ दिख रहा है । क्योंकि सड़क निर्माण की प्रारंभिक प्रक्रिया में ही जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है । किसी भी सड़क निर्माण के लिए जरूरी होता है कि पुरानी सड़क को उखाड़कर पुरानी सड़क के लेबल में ही सड़क बनाई जाए, लेकिन यहां सड़क के ऊपर से डामर को छीलकर और गड्ढे में मिट्टी डालकर सड़क का बेस तयार किया जा रहा है जो कि लेबल कर पुरानी सड़क से कहीं बहुत ऊंचा बना दिया जा रहा है ।

### राजस्व संग्रहण लक्ष्य से पिछड़ रहे शासकीय विभाग

**रायगढ़।** नई सरकार के गठन के बाद जहां शासकीय खजाने पर योजनाओं का बोझ बढ़ाने की कवायद शुरू हो गई है वहीं इस खजाने को भरने वाले शासकीय विभागों में माली हालत फिलहाल खस्ताहाल है। चुनावी व्यवस्ता के कारण सरकारी विभागों में राजस्व संग्रहण का काम न के बराबर हुआ है। चुनाव से निपटने के बाद सरकारी विभाग अब वसूली के लिए अभियान चलाने की तैयारी में है। लेकिन आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सरकारी विभागों के लिए राजस्व वसूली का टारगेट पूरा कर पाना मुश्किल नजर आ रहा है क्योंकि आने वाले साल में सरकारी अंत पर सर्वे के आरंभ में ही आचार संहिता लग सकती है। ऐसे में एक बार फिर तमाम सरकारी अधिकारी निर्वाचन ड्यूटी से संलग्न हो जाएंगे।

### ग्रामीण क्षेत्र में जागरुकता की कमी, कोख में मर रहे नवजात

रायगढ़। जिले में अभी भी प्रसव पूर्व महिलाओं में जागरुकता का अभाव देखने को मिल रहा है। जिसके चलते प्रसूता की कोख में ही नवजात की मौत हो जाती है। इस मामले में महिलाओं में जागरुकता की कमी सबसे ज्यादा सामने आ रही है। खास बात यह है कि यदि बीते 10 सालों के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो 119 माह में ही 2427 शिशुओं की मौत हुई है। इस मामले में विशेषज्ञों का कहना है कि पहली बार गर्भवती होने वाली महिलाओं का पूरी तरह ध्यान रखने में कोताही बरती जा रही है। ग्रामीण अंचल में ऐसे घरों में परिवार की बुजुर्ग महिलाओं का मार्गदर्शन जरुरी है। ताकि गर्भस्थ शिशु को बेहतर तरीके से जन्म दिया जा सके लेकिन अधिकांश महिलाओं की जरा सी लापरवाही मां बनने से पहले ही अपने शिशु को खो देती हैं। अकेले जिला अस्पताल में आने वाले प्रसूताओं को लेकर पिछले 119 माह के आंकड़ों में अभी तक कुल 2 हजार 427 शिशुओं को उसकी मां जीवित अवस्था में जन्म नहीं दे सकी। बच्चे जन्म लेने के बाद इस दुनिया को नहीं देख सके, जिससे 9 माह तक गर्भ में शिशु की सेवा करने वाली मां अपने लाडले को जीवन नहीं दे सकीं। 9 माह से अधिक दिन का प्रसव होने पर भी पानी की कमी से बच्चे की मौत हो जाती है। इसके अलावा महिलाओं के पेट में जन्मजात विकृति से भी बच्चे का जन्म हो पाना मुश्किल होता है। किसी प्रकार के मनोरोग, चोट, सदमा, बुखार, संक्रमण, शुगर अथवा थायराइड से भी गर्भस्थ शिशु की मौत हो सकती है।

# सत्ता बदलते ही जिंदल की गुंडागर्दी शुरु सरकारी सड़क कर ली हजम

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ में सरकार बदलते ही जिंदल की गुंडागर्दी फिर से शुरु हो गयी हैं 15 साल तक दबड़े में दुबके रहने के बाद अब फिर से उसे अपनी सल्तनत व निजाम की याद आने लगी हैं और लोगों को डराने धमकाने का सिलसिला शुरु हो गया हैं पिछलें कई वर्षों से जमीन के विस्थापितों को बिना कोई सुविधा दिये दोयम दर्जे के कर्मचारियों की तरह काम लिया जा रहा था यहां तक की उन्हें सरकारी न्यूतम मजदूरी तक नहीं दी जा रही उसके बावजूद जिले के कलेक्टर व श्रम विभाग मूक दर्शक बने रहें जिंदल की इस मनमानी के




खिलाफ विस्थापित कामगारों ने हड़ताल कर दी हैं गेट नं.1के सामने उनके व्दारा बकायदा 5 दिनों से धरना दिया जा रहा हैं लेकिन उनकी तकलीफ को दूर करना तो अलग सुनने तक का समय किसी के पास नहीं हैं न प्रशासन कोई संज्ञान ले रहा है न प्रबंधन उनकी मांगों को मानने के लिये तैयार हैं जिंदल का आलम तो यह हैं की वह सरकारी संपति पर भी अपना हक जताने लगा हैं जिस गेट के बाहर सड़क पर ये कर्मचारी धरना दे रहें हैं उसे वह अपनी प्रापर्टी बता रहा हैं 5 दिनों से उसने इन विस्थापितों की हड़ताल को तोड़ने का हर संभव प्रयास किया जिसमें सफलता नहीं मिलने पर अब सरकारी सड़क को अपनी बता कर खाली करने का अल्टीमेटम दे दिया हैं वरना गुंडों से सड़क खाली कराने की धमकी दी जा रही हैं यहां तक की हड़ताल का कबरेज करने पहुंचे मीडिया तक को उस सड़क से बलात हटा दिया गया और खुली गुंडागर्दी की पहले भी जिंदल प्रबंधन व्दारा इसी प्रकार गुंडागर्दी की जाती थी लेकिन जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो उसकी गुंडागर्दी बंद हो गयी थी जो अब काग्रेंस की सरकार बनते ही फिर से शुरु हो गयी हैं सरकार यदि जिंदल के खिलाफ सरकारी संपति हड़पने की जांच कराये तो करोड़ो रुपये की सरकारी सड़के जमीने व अन्य संपतियां बरामद हो सकती हैं जो पहले के काग्रेंस शासन काल मे जिंदल ने डकारी थी छत्तीसगढ़ की काग्रेंस सरकार व राहुल गांधी माल्या चौकसे मोदी जैसे उद्योगपत्तियों के लिये भाजपा व नरेंद्र मोदी को पानी पी पी कर कोसते है क्या वे अपने एक बढ़े उद्योगपत्ति नवीन जिंदल से सरकारी सड़क व डकारी गयी करोड़ो की संपति को आजाद करा पायेगें

### ओ.पी के वोट की सूची हो रही तैयार

नवीन जिंदल का राजनैतिक दखल जिंदल कर्मचारियों के निजी जीवन पर भी हैं हाल ही में संपन्न हुये विधान सभा चुनाव में भी यह देखने को मिला जिसकी पुष्टी उसके मैनेजरों को दिये गये इस आदेश से होती हैं जिसमें उनसे खरसिया विधानसभा में रहने वाले कर्मचारियों की सूची मांगी गयी हैं साथ ही कितने परशेंट लोगों ने वोट किया और ओ.पी.चौधरी को वोट करने वालो की भी लिस्ट तैयार कर देने को कहा गया हैं ।

## किसानों का कर्जा माफ के निर्णय का स्वागत झीरम घायल चौलेश्वर चंद्राकर



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल कुछ घंटों पर ही कर्जा माफ झीरम घाटी के एस आईटी जांच धान का समर्थन मूल्य 2500 करने पर डॉक्टर चौलेश्वर चंद्राकर ने स्वागत योग्य कदम बताया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के सचिव डॉ चोलेश्वर चंद्राकर ने कांग्रेस की सरकार बनते ही भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते हुए पहला निर्णय किसानों के हित में लिया और उन्होंने साबित करते हुए घोषणा पत्र प्रमुख महत्वपूर्ण किसानों का कर्ज माफ,धान समर्थन मूल्य 2500 रूपए करने पर प्रदेश की ढाई करोड़ जनता के दिल जीत कर विश्वास हासिल करने वाला देश के प्रथम मुख्यमंत्री बन गए हैं। देश का प्रथम राज्य छत्तीसगढ़ है जो किसानों का धान मूल्य ?2500 में खरीदेंगे, आर्थिक रूप से किसान अत्यधिक मजबूत हो जाएंगे और कर्जा से लदे रहे किसान ऋण मुक्त हो जाएंगे। झीरम घाटी में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की हत्या हुई है उस घटना का चश्मदीद एवं कांग्रेसी घायल सिपाही होने के नाते एसआईटी जांच कराएं जाने के निर्णय स्वागत योग्य कदम है 15 वर्षों से जनता परिवर्तन चाह रही थी जनता की अदालत ने 68 विधायक चुनकर भेजा है। भय भूख भ्रष्टाचार घमंड अहंकारी सरकार को उखाड़ फेंक दिया है एसआईटी जांच से निश्चित ही पीड़ित परिवार को घायल परिवार को षड्यंत्र कार्यों का पर्दाफाश निश्चित है। अब ज्यादा दिन केंद्र की सरकार नहीं टिकने वाली है जनता भी छत्तीसगढ़ में मन बना लिए हैं 11 लोकसभा सीट इस बार कांग्रेस पार्टी के झोली में आने वाली है। और देश में पुनः कांग्रेस की सरकार के साथ साथ श्री राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल टी एस सिहदेव मंत्री एवं ताम्रध्वज साहू ने घोषणा पत्र की कॉपी मंत्रालय के समक्ष भेजा जा चुका है ।

## 29 नवंबर से महंगा होगा मनोरंजन, देना होगा हर माह 6 सौ रुपए

**रायगढ़।** केबल टीवी से जुड़े लाखों उपभोक्ताओं का मनोरंजन 28 दिसंबर से महंगा हो जाएगा। ट्राई 29 दिसंबर से एमआरपी नियम लागू करने जा रहा है। इसके बाद केबल टीवी उपभोक्ताओं को दोगुना से ज्यादा रुपया चुकाना होगा। उल्लेखनीय है कि शहर में करीब 40 हजार केबल उपभोक्ता है। ट्राई का नया नियम लागू होने से केबल आपरेटर्स का धंधा समाप्त हो जाएगा। डीटीएच के बराबर केबल टीवी के लिए रुपए चुकाने होंगे। उपभोक्ता डीटीएच ले या आपरेटर से चैनल ले कोई फर्क नहीं रह जाएगा। ट्राई के इस नए कानून को पूरा भार आम जनता पर आ जाएगा। केबल संचालकों का कहना है कि वे सरकार के इस नियम का विरोध करने की रणनीति बना रहे है। दूसरी तरफ ट्राई के नियम के मुताबिक 130 चैनल जो एयरफ्री वाले है इसके कम से कम 100 चैनल उपभोक्ताओं को देना होगा।

## अंतर्राज्यीय क्रिकेट स्पर्धा करण कप का भव्य शुभारम्भ आज

**तमनार।** केलो कोयलांचल आदिवासी बाहुल्य औद्योगिक नगरी तमनार में सर्वोदय नवयुवक मंडल पटनायक मोहल्ला तमनार द्वारा नववर्ष के अवसर पर आयोजित 11 वां वर्ष अंतर्राज्यीय क्रिकेट स्पर्धा करण कप 2018-19 भब्य शुभारम्भ 25 दिसम्बर 2018 को किया जायेगा।अंतर्राज्जीय क्रिकेट स्पर्धा करण कप के संस्थापक सदस्य स्व. विजय पटनायक बोबा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर शुभारम्भ की जाएगी।मैदान मंच,बैठक व्यवस्था गैलेरी को झंडा फ्लेक्स से सजाकर भव्यता प्रदान की जा रही है। शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवीपी जेपीएल डीके भार्गव,अध्यक्षता मुकुन्द मुरारी पटनायक अध्यक्ष करण समाज,विशिष्ठ अतिथि अश्वनी पटनायक,वरिष्ठ समाज सेवी,गोकुलानन्द पटनायक मानस वक्त्ता वरिष्ठ समाज सेवी,सतीशचन्द बेहरा जिलाभाजपा उपाध्यक्ष, कैलाश पटनायक मंडल अध्यक्ष भाजपा तमनार,बीडीसी कल्पना रामचरण कुम्भकार,सरपंच पार्वती ओंकार सिदार, गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में शुभारम्भ की जाएगी।







## तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

## ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480